ना

ता

आगे किया
नी हरियाणा
ह हारे हुए
मांदोलन से
में आए थे।
कोई सिख
है, इसलिए
चढ़ूनी को
स कर रही
में फंसने
ड्यंत्र की
का मंच
नेताओं
न नजर

जे.सी.आई. ने बिजनैस ग्रो करने के तरीकों के बारे में दी जानकारी

● मालामाल बीट द हीट प्रोग्राम में पंजाब के विभिन्न शहरों से जे.सी.आई. के सदस्यों ने लिया हिस्सा

जे.सी.आई. जोन 1 की तरफ से आयोजित मालामाल बीट द हीट प्रोग्राम में हिस्सा लेते जे.सी.आई. के सदस्य।

लुधियाना 9 अगस्त (अमन) : कोरोना के कारण हर किसी के बिजनैस पर ब्रेक लगी है लेकिन अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होने से लोगों के बिजनैस ग्रो करने लगे हैं ताकि जिंदगी एक बार फिर से पटरी पर लौट सके। रविवार को जोन-1 जे.सी.आई. लुधियाना सिटी की तरफ से बिजनैस ट्रेनिंग प्रोग्राम 'मालामाल बीट द हीट' का आयोजन पार्क प्लाजा में किया गया। प्रोग्राम को लीड जे.सी. के राहुल आहूजा, जे,सी के मुखविंदर सिंह व जे.सी. के गौतम सिकरी ने किया, जहां सी.आई.सी.यू. प्रैजीडैंट उपकार सिंह आहूजा ने मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हुए, जबकि जे.सी.आई. नैशनल डायरैक्टर बिजनैस डायरैक्टर इन जे.सी.आई. दीदारजीत सिंह लोटे गेस्ट ऑफ ऑनर रहे। प्रोग्राम में पंजाब के विभिन्न शहरों से 60 के करीब जे.सी.आई. के सदस्यों ने भी शिरकत की। सभी गणमान्य का जे.सी.आई. जोन-1 की टीम के प्रैज़ीडैंट कंवर सिंह ने वैल्कम किया। इसके अलावा जे.सी.आई. टीम से सैक्रेटरी अमरीश गुप्ता, सतविंदर रिकी, अमित बांसल, पुष्पिंदर सिंह व असीम अग्रवाल शामिल रहे। प्रोग्राम जे.सी.आई. के सदस्यों को बिजनेस ग्रो करने के तरीकों के बारे में जानकारी देने के लिए एक पैनल डिस्कशन करवाई गई, जिसमें डिस्कशन में सहज ग्रुप के एम.डी. अशप्रीत सिंह शामिल रहे। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद भी लोग अपने बिजनैस को अच्छे तरीके के साथ दोबारा से शुरू करते सकते हैं, जो आगे जाकर एक बड़े बिजनैस को रूप लेगा।